<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–30 जुलाई 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र कल से हुआ शुरू। आज वित्तमंत्री सुरेश खन्ना पेश करेंगे अनुपूरक बजट।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ियों से की आत्मानुशासन बनाये रखने की अपील। कहा– ड्रोन और हेलीकॉप्टर से होगी कांवड़ यात्रा की निगरानी।
- केंद्र सरकार ने दिल्ली में यूपीएससी अभ्यर्थियों की मौत के मामले की जांच के लिए गठित की समिति।
- हाईकोर्ट से मिली अफजाल अंसारी को राहत। कृष्णानंद हत्याकांड मामले में गैंगस्टर के तहत मिली चार साल कैद की सजा हुई रद्द, बरकरार रहेगी संसद सदस्यता।

**********

उत्तर प्रदेश विधान मण्डल में आज अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। इसे प्रदेश सरकार की वित्तमंत्री सुरेश खन्ना पेश करेंगे। उधर, विधान मण्डल का मानसून सत्र कल से शुरू हो गया। सत्र से पहले कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करने की अपील की।

***सदन का मंच उस चर्चा का परिचिचर्य का विषयक बने इसलिये हम लोग पूरी तैयारी के साथ मेरी सहयोगीगण इसका जवाब देंगें। सरकार इसका जवाब देने के लिये पूरी तत्तपरता के साथ वहां पर उपस्थित रहेगी। सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चल सके विधायी कार्य सकुशल सम्पन्न हो सके इसके लिये जो भी माननीय सदस्यगण है उन सबसे मैं अपील करूंगा कि वे सभी अपना सकारात्मक योगदान मानसून सत्र के सुचारू सम्पन्न करने में अपना योगदान देंगे।***

मानसूत्र सत्र की शुरूआत हंगामे के साथ हुई। सपा सदस्यों ने बिजली, कानून व्यवस्था और किसानों की समस्याओं को लेकर सदन में नारेबाजी की। सदन में स्वास्थ्य व्यवस्था और चिकित्सकों की कमी का मामला भी उठा। इसके जवाब में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने के लिए सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों को चिन्हित किया गया है। प्रदेश के चौहत्तर जिलों में डायलिसिस और इकहत्तर जिलों में सिटी स्कैन की व्यवस्था है। सपा सदस्यों की ओर से प्रदेश की बिजली व्यवस्था का मामला भी उठाया गया।

जवाब में ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि पहले की सरकारों की तुलना में बिजली व्यवस्था कई गुना बेहतर हुई है। ऊर्जा मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर सपा सदस्य सदन से बाहर चले गये। इससे पहले मुख्यमंत्री और नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल में शामिल चार नये सदस्यों का परिचय कराया। वहीं नेता प्रतिपक्ष का दायित्व माता प्रसाद पाण्डेय को सौंपा गया।

उधर, विधान परिषद में मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष ने प्रदेश की खराब कानून व्यवस्था और बलिया वसूली कांड पर सवाल उठाया। इसके जवाब में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जो भी अपराध में लिप्त हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी, भ्रष्टाचार करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। सदन में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के तदर्थ शिक्षिकों की सेवा समाप्त किये जाने के निर्णय को वापस लेने की मांग की गई। इस पर सभापति ने कहा कि इस मामले को सदन की अध्यक्षता में बनी कमेटी के सामने रखा जाये। इसके अलावा सदन में नेता प्रतिपक्ष बने सपा के लाल बिहारी यादव को सभी ने बधाई दी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सभी शिवभक्त हैं। कोई भी पर्व, कोई भी साधना बिना आत्मानुशासन के पूरी नहीं होती। सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिए हमें अपने अन्तःकरण से ही नहीं, बल्कि बाहरी रूप से भी पूरी प्रक्रिया के साथ लीन होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश शासन ने मिलकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यात्रा के लिए अनेक प्रबंध किए हैं। आवश्यकता के अनुसार ड्रोन और हेलीकॉप्टर से निगरानी और पुष्प वर्षा की व्यवस्था की गयी है। कहीं कोई अव्यवस्था न हो, कोई भी उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ न करने पाये, इन सब बातों को ध्यान में रखकर उपाय किये गये हैं। श्री योगी ने कांवड़ियों से अपील की है कि वह अनुशासन बनाये रखते हुए कांवड़ यात्रा को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।

***मैं सभी शिवभक्तों से अपील करूंगा आदिदेव महादेव की कृपा हम पर बनी रहे। हम व्यवस्था के साथ जुड़ करके इस पूरी यात्रा का न केवल आनन्द ले बल्कि पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ आत्मानुशासन का परिचय देते हुए इस पावन श्रावण मास के कांवड़ यात्र कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे। आप सबकी युग, सुरक्षित यात्रा के लिये मेरी मंगलमय शुभकामनाएं।***

**********

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। यह समिति हादसे के कारणों की जांच करेगी, जिम्मेदारी तय करेगी, उपाय सुझाएगी और नीति में बदलाव की सिफारिश करेगी। मंत्रालय ने बताया कि समिति में शहरी मामलों के मंत्रालय के अपर सचिव, दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (गृह), दिल्ली पुलिस के विशेष सीपी, अग्निशमन सलाहकार और अन्य शामिल होंगे। यह समिति तीस दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कृष्णानंद हत्याकांड मामले में गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी को गैंगस्टर मामले में मिली चार साल कैद की सजा को रद्द कर दी है। अब अफजाल की संसद सदस्यता बरकरार रहेगी। यह फैसला न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत ने सुनाया है। अफजाल अंसारी को गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने कृष्णानंद हत्याकांड के बाद गैंगस्टर मामले में चार साल की सजा सुनाई थी। अफजाल अंसारी ने सजा को रद्द करने और राज्य सरकार व कृष्णानंद राय के बेटे ने सजा बढ़ाने की अपील हाइकोर्ट में दाखिल की थी। इसके पहले अफजाल की अपील हाइकोर्ट ने खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने सजा को निलंबित करते हुए फिर से सुनवाई के लिए मामले को हाईकोर्ट वापस भेज दिया था।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित किया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सात वर्षों में हमने साढ़े छह लाख सरकारी भर्ती की। इसमें साठ प्रतिशत ओबीसी समाज की भर्ती की है। उनहत्तर हजार शिक्षकों की भर्ती में हमने इसको लागू किया। विपक्षी गठबंधन के पिछड़ा समर्थक होने के दावे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार में छियासी एसडीएम की नियुक्ति हुई। छियासी में से 56 सिर्फ एक ही जाति से थे।

**********

भारत संचार निगम लिमिटेड–बीएसएनएल के पूर्वी परिमण्डल के मुख्य महाप्रबंधक महेश चन्द्र सिंह ने कल वाराणसी में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं को बीएसएनएल की नई उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल सेवा की आम जनता के बीच आज भी काफी मांग है। उन्होंने बताया कि जुलाई में पचपन हजार बीएसएनएल सिम उपभोक्ताओं द्वारा लिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जल्द ही वाराणसी शहर में दो सौ बीटीएस लगाकर फोर–जी सेवा उपलब्ध करा दी जायेगी। भदोही, चन्दौली, मिर्जापुर, सोनभद्र और गाजीपुर में भी फोर–जी सेवाओं की शुरूआत की गयी है।

**********

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कल मथुरा में संस्कृति विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के सर्वाधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें और कठिनाइयां आने पर रास्ता न छोड़ें।

**********

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर प्रदेश के कई जिलों में विविध आयोजन किये गये और बाघ के संरक्षण का संकल्प लिया गया। इटावा के लायन सफारी में प्रशासन ने इस अवसर पर अनुभूति कार्यक्रम की शुरूआत की। सफारी के निदेशक अनिल पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत हर शुक्रवार ग्रामीण अंचल के स्कूली बच्चों को सफारी पार्क में भ्रमण कराया जायेगा। पीलीभीत टाइगर रिजर्व और लखीमपुर खीरी के दुधवा नेशनल पार्क के अलावा लखनऊ और गोरखपुर के प्राणि उद्यान में भी बाघ दिवस के अवसर पर बाघ संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**********

पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक फाइनल मैच के लिए क्वालीफाई कर लिया है। आज भारतीय समय के अनुसार दिन में एक बजे उनका सामना दक्षिण कोरिया के ओह ये जिन और ली वोन्हो से होगा।

**********

सावन के दूसरे सोमवार को शिवभक्तों में कल विशेष उत्साह देखा गया। श्रद्धालु तड़के ही शिव मंदिरों और शिवालयों तक पहुंचे और आस्था और श्रद्धा के साथ जलाभिषेक कर मंगल कामना की। वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में भगवान शिव के गौरीशंकर स्वरूप का श्रृंगार कर पूजा–अर्चना की गयी।

**********